# High Target : बोर्ड परीक्षा तैयारी के लिए No-1

- कक्षा -10
- MATH
- वृत (CIRCLE)
- OBJECTIVE TYPE QUESTION

---

1. किसी वृत्त की स्पर्श रेखा एक विशिष्ट दशा है,जब संगत जीवा के दोनों सिरे:

(A) असंपाती हों
(B) संपाती हों
(C) एक-दूसरे को प्रतिच्छेद करती हैं।
(D) प्रत्येक सिरे वृत्त के केंद्र से गुजरता हो Ans. (B)

2. किसी वृत्त की स्पर्श रेखा वृत्त को कितने बिन्दुओं पर स्पर्श करती है ?

(A) एक बिन्दु पर (B) दो बिन्दु पर
(C) तीन बिन्दु पर (D) चार बिन्दुओं पर Ans. (A)

3. वृत्त एक तल के उन बिंदुओं का समूह होता है, जो एक नियत बिंदु सेः

(A) अचर दूरी पर होते हैं (B) चर दूरी पर होते हैं
(C) किसी दूरी पर नहीं होते हैं (D) यह दूरी शून्य होती है Ans. (A)


4. वृत्त के एक बिंदु पर केवल खींची जा सकती है:

(A) दो स्पर्श रेखाएँ (B) तीन स्पर्श रेखाएँ
(C) अनंत स्पर्श रेखाएँ (D) एक स्पर्श रेखा Ans. (D)

5. दो प्रतिच्छेदी वृत्तों की उभयनिष्ट स्पर्श रेखाओं की संख्या है-

(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) अनगिनत Ans. (B)

6. दिए आकृति में $PT$ स्पर्श रेखा है, $QR$ एक व्यास है। $\angle RPT = 50°$ तो $\angle QRP = ?$




(A) 60° (B) 50°

(C) 70° (D) 90° Ans. (B)

7. यदि कोई रेखा वृत्त को सिर्फ एक बिन्दु पर स्पर्श करती है, तो वह रेखा कहलाती है-

(A) जीवा (B) स्पर्श रेखा


(C) छेदक रेखा (D) इनमें से कोई नहीं Ans. (B)

8. जब किसी छेदक रेखा के दोनों सिरे सम्पाती हों तो वह होगा-

(A) जीवा (B) स्पर्श रेखा

(C) कोई रेखा नहीं (D) सभी उत्तर सही हैं। Ans. (B)


9. चित्र में $PQ$ वृत्त की कौन-सी रेखा कही जा सकती है ?




(A) अप्रतिच्छेदी रेखा (B) प्रतिच्छेदी रेखा

(C) स्पर्श रेखा (D) कोई रेखा नहीं है Ans. (B)


10. चित्र में PQ वृत्त की किस प्रकार की रेखा है ?




(A) प्रतिच्छेदी रेखा (B) स्पर्श रेखा

(C) अप्रतिच्छेदी रेखा (D) कोई रेखा नहीं है Ans. (C)

11. चित्र में PQ वृत्त की कैसी रेखा कही जा सकती है ?




(A) स्पर्श रेखा
(B) प्रतिच्छेदी रेखा
(C) अप्रतिच्छेदी रेखा
(D) सभी उत्तर सही नहीं हैं
Ans. (A)

12. एक रेखा जो वृत्त को दो भिन्न बिन्दुओं पर प्रतिच्छेद करती है, कहलाती है-

(A) जीवा
(B) स्पर्श रेखा
(C) (A) और (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं
Ans. (D)

13. वृत्त के एक ही खण्ड के कोण होते हैं-

(A) असमान
(B) समान
(C) (A) और (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं
Ans. (B)

14. किसी वृत्त में परिधि पर का कोण केंद्र पर के कोण का-

(A) दुगुना होता है
(B) तिहाई होता है
(C) आधा होता है
(D) इनमें से कोई नहीं
Ans. (C)

15. किसी वृत्त के अंदर बने चतुर्भुज के सम्मुख कोणों का एक जोड़ा होता है-

(A) 180°
(B) 90°
(C) 360°
(D) इनमें से कोई नहीं
Ans. (A)

16. एक वृत्त की बराबर जीवाओं के मध्य बिंदुओं का बिंदुपथ निम्नलिखित में कौन होगा ?

(A) अर्द्धवृत्त
(B) सरल रेखा
(C) रेखाखंड
(D) वृत्त
Ans. (D)

17. वृत्त के केन्द्र से समदूरस्थ जीवाएँ आपस में-

(A) असमान हैं
(B) समान हैं
(C) A और B दोनों
(D) सभी उत्तर सही हैं
Ans. (B)

## 2. वृत्त की स्पर्श रेखा

18. दो वृत्त बाह्यतः स्पर्श करे और उनकी त्रिज्याएँ 11 सेमी और 6 सेमी हैं तो दोनों वृत्तों के केंद्र के बीच की दूरी क्या होगी ?

(A) 11 सेमी (B) 6 सेमी

(C) 17 सेमी (D) कोई नहीं Ans. (C)

19. दो वृत्त सकेन्द्रीय हों और उनकी त्रिज्याएँ 9 सेमी और 6 सेमी हैं तो उनके केन्द्रों के बीच की दूरी होगी-

(A) 0 (B) 9 सेमी

(C) 6 सेमी (D) कोई नहीं Ans. (A)

20. अर्द्धवृत्त का कोण कितने डिग्री का होता है ?

(A) 45° (B) 30°

(C) 60° (D) 90° Ans. (D)

21. यदि दो वृत्तों के केंद्रों के मध्य दूरी उनकी त्रिज्याओं के योग के तुल्य हो तो उनकी उभयनिष्ठ स्पर्श रेखाओं की संख्या होगी-

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 4 Ans. (C)

22. एक वृत्त के किसी व्यास के सिरों पर खींची गई स्पर्श रेखाओं के बीच क्या संबंध है ?

(A) समांतर है (B) आपस में अभिलंब है

(C) असमांतर है (D) इनमें से कोई नहीं Ans. (A)

23. स्पर्श बिन्दु से स्पर्श रेखा पर खींचा गया लंब वृत्त के किस बिन्दु से होकर जायेगा।

(A) वृत्त के किसी बिन्दु से (B) वृत्त के केंद्र से

(C) (A) एवं (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं Ans. (B)

24. $O$ केंद्र वाले वृत्त पर बिन्दु $P$ से $PQ$ स्पर्श रेखा खींची गई हैं और $QOR$ वृत्त की एक व्यास इस प्रकार है कि $\angle POR = 120°$ तो $\angle OQP$ है

(A) 60° (B) 45°

(C) 30° (D) 90° Ans. (C)

25. दो वृत्त एक दूसरे को बाह्यतम $C$ पर स्पर्श करते हैं और $AB$ वृत्तों की उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा है तब $\angle ACB = ?$

(A) 60° (B) 45°

(C) 30° (D) 90° Ans. (D)

26. $O$ केंद्रवाली वृत्त के बिन्दु $P$ पर $PQ$ एक स्पर्श रेखा है। यदि $\Delta OPQ$ एक समद्विबाहु त्रिभुज हो तब $\angle OQP$ बराबर है

(A) 30° (B) 45°

(C) 60° (D) 90° Ans. (B)

27. दो वृत्त एक दूसरे को अन्त:स्पर्श करते हैं और उनकी त्रिज्याएँ 5 cm और 2 cm हैं तो उनके केंद्रों के बीच की दूरी होगी-

(A) 5 सेमी (B) 2 सेमी

(C) 3 सेमी (D) इनमें से कोई नहीं Ans. (C)

28. 5 सेमी और 10 सेमी व्यास वाले दो वृत्तों के केंद्रों के बीच की दूरी 10 सेमी है। उनकी उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा की संख्या कितनी है ?

(A) 4 (B) 3

(C) 2 (D) 1 Ans. (A)

29. वृत्त के किसी बिन्दु पर स्पर्श रेखा स्पर्श बिन्दु से होकर जाने वाली त्रिज्या के साथ कितने डिग्री का कोण बनाता है ?

(A) 75° (B) 90°

(C) 45° (D) 60° Ans. (B)

30. कोई रेखा वृत्त को स्पर्श करे तो इस रेखा को क्या कहते हैं ?

(A) छेदक रेखा (B) बाहरी रेखा

(C) स्पर्श रेखा (D) कोई नहीं Ans. (C)

31. स्पर्श रेखा और वृत्त के उभयनिष्ठ बिन्दु को क्या कहते हैं ?

(A) स्पर्श बिन्दु (B) वृत्त का केंद्र

(C) सम्पाती बिन्दु (D) इनमें से कोई नहीं Ans. (A)

32. वृत्त के केंद्र पर कितने अंश का कोण होता है ?

(A) 180° (B) 150°

(C) 360° (D) कोई नहीं Ans. (C)

33. 3 cm त्रिज्या वाले वृत्त पर किसी बाह्य बिन्दु $A$ से स्पर्श रेखा की लंबाई 4 cm है। $A$ से केंद्र की दूरी क्या होगी ?

(A) 7 cm (B) 5 cm

(C) 9 cm (D) कोई नहीं Ans. (B)

34. दो वृत्तों के स्पर्श बिन्दु $P$ है। यदि उन पर उभयनिष्ठ स्पर्श रेखा $AB$ हो तो $\angle APB = ?$

(A) 60° (B) 90°

(C) 45° (D) कोई नहीं Ans. (B)

35. $O$ केंद्र तथा r त्रिज्या वाले वृत्त पर बाह्य बिन्दु $P$ से स्पर्श रेखा $PQ$ खींची गई है तथा $OQR$ वृत्त का एक व्यास इस प्रकार है कि $\angle POR = 120°$ तब $\angle OPQ = ?$

(A) 30° (B) 45°

(C) 90° (D) कोई नहीं Ans. (A)

36. दो सकेन्द्रीय वृत्तों की त्रिज्याएँ 4 cm और 6 cm हैं। उनके बीच के भाग का क्षेत्रफल होगा-

(A) $\frac{340}{7}$ cm² (B) $\frac{540}{7}$ cm²

(C) $\frac{440}{7}$ cm² (D) कोई नहीं Ans. (C)

37. 28 cm त्रिज्या वाले वृत्ताकार तार को मोड़कर एक वर्ग बनाया गया है, तो वर्ग की भुजा की लंबाई होगी-

(A) 40 cm (B) 41 cm

(C) 43 cm (D) 44 cm Ans. (D)

38. 7 cm त्रिज्या वाले वृत्त की परिधि होगी-

(A) 16 cm (B) 20 cm

(C) 44 cm (D) 42 cm Ans. (C)

39. 5 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त के बिंदु $P$ पर स्पर्श रेखा $PQ$ केंद्र $O$ से जाने वाली एक रेखा से बिंदु $Q$ पर इस प्रकार मिलती हैं कि $OQ = 12$ cm। $PQ$ की लंबाई ज्ञात कीजिए।

(A) 12 cm (B) 13 cm

(C) 8.5 cm (D) $\sqrt{119}$ cm Ans. (D)

40. वृत्त के केन्द्र से समदूरस्थ जीवाएँ आपस में-

(A) असमान हैं (B) समान हैं

(C) A और B दोनों (D) सभी उत्तर सही हैं Ans. (B)

41. किसी वृत्त के केन्द्र में 13 सेमी० दूर स्थित बिन्दु P से खींची गई स्पर्श रेखा की लम्बाई 12 सेमी है, तो वृत्त की त्रिज्या है-

(A) 6 cm (B) 12 cm

(C) 9 cm (D) 5 cm Ans. (D)

42. एक बिंदु $Q$ से एक वृत्त पर स्पर्श रेखा की लंबाई 24 cm तथा $Q$ की केंद्र से दूरी 25 cm है, वृत्त की त्रिज्या है:

(A) 7 cm (B) 12 cm

(C) 15 cm (D) 24.5 cm Ans. (A)

43. एक बिन्दु $P$ से स्पर्श रेखा की लंबाई 15 cm है और $P$ की दूरी केंद्र से 17 cm है तो वृत्त की त्रिज्या होगी-

(A) 8 cm (B) 17 cm

(C) 2 cm (D) इनमें से कोई नहीं Ans. (A)

44. 10 cm त्रिज्या के वृत्त दो समांतर स्पर्श रेखाओं के बीच की दूरी होगी-

(A) 15 cm (B) 20 cm

(C) 25 cm (D) 30 cm Ans. (B)

45. किसी वृत्त पर बाह्य बिन्दु से कितनी स्पर्श रेखाएँ खींची जा सकती हैं ?

(A) 1 (B) 2

(C) 3 (D) 4 Ans. (B)

46. यदि 3 cm त्रिज्या वाले एक वृत्त पर खींची गई दो स्पर्श रेखाएँ परस्पर $60°$ के कोण पर झुकी हों, तो प्रत्येक स्पशरिखा की लंबाई है

(A) $2\sqrt{3}$ cm (B) $\frac{3\sqrt{3}}{2}$ cm

(C) $3\sqrt{3}$ cm (D) 6 cm Ans. (C)

47. किसी वृत्त की स्पर्श रेखा उसे कितने बिन्दु पर स्पर्श करती है ?

(A) $\infty$ (B) 2

(C) 1 (D) 3 Ans. (C)

48. किसी वृत्त के केंद्र से 5 cm दूर स्थित बिन्दु $A$ से वृत्त पर खींची गई स्पर्श रेखा की लंबाई 4 cm है, तो वृत्त की त्रिज्या है

(A) 7 cm (B) 6 cm

(C) 3 cm (D) 4 cm Ans. (C)

49. $O$ वृत्त का केंद्र है। बिंदु $P$ से दो स्पर्श रेखाएँ $PA$ और $PB$ एक दूसरे से $80°$के कोण पर झुकी हैं तो $\angle POA$ का मान है-

(A) $50°$ (B) $60°$

(C) $70°$ (D) $80°$ Ans. (A)

50. क्या वृत्त की जीवा को छोड़ बिंदुओं पर खींची गई स्पर्श रेखाएँ जीवा के साथ समान कोण बनाती हैं ?

(A) हाँ (B) नहीं

(C) नहीं मालूम (D) कोई नहीं Ans. (A)

51. वृत्त के किसी बिंदु पर स्पर्श रेखा स्पर्श बिंदु से जाने वाली त्रिज्याः

(A) के समांतर होती है (B) पर लंब होती है

(C) को समद्विभाजित करती है (D) के सम्पाती होती है Ans. (B)

52. वृत्त के अंदर किसी बिन्दु से वृत्त पर खींची गइ कितनी स्पर्श रेखाएँ हो सकती हैं ?

(A) एक भी नहीं (B) एक

(C) दो (D) तीन Ans. (A)

53. एक वृत्त की कितनी समांतर स्पर्श रेखाएँ हो सकती हैं ?

(A) एक (B) अनेक

(C) तीन (D) चार Ans. (B)

54. किसी वृत्त की दो बराबर समान्तर जीवाएँ $AB$ तथा $CD$ के बीच की दूरी 20 सेमी० हैं। जीवा $AB$ के मध्य बिंदु की दूरी केंद्र से निम्नलिखित में कौन-सी होगी ?

(A) 10 सेमी० (B) 20 सेमी०

(C) 30 सेमी० (D) 40 सेमी० Ans. (A)

55. किसी वृत्त के बाह्य बिन्दु $P$ से दो स्पर्श रेखाएँ $PA$ तथा $PB$ खींची गई हैं। यदि $PA = 4$ सेमी, तो $PB$ की लम्बाई है-

(A) 16 सेमी० (B) 12 सेमी०

(C) 8 सेमी० (D) 4 सेमी० Ans. (D)

56. 7 cm त्रिज्या वाले वृत्त के बिन्दु $P$ से 24 cm लंबी स्पर्श रेखा $PT$ खींची जाती है, यदि $O$ वृत्त का केंद्र है तो $OP$ की लंबाई है-

(A) 30 cm (B) 28 cm

(C) 25 cm (D) 31 cm Ans. (C)

57. दो वृत्त जो एक दूसरे को $C$ बिन्दु पर स्पर्श करती है की दो उभयनिष्ठ स्पर्श रेखाएँ AB और $CD$ हैं। अगर $D$, $AB$ पर इस प्रकार है कि $CD = 6$ cm है, तो $AB$ बराबर होगा-

(A) 4 cm (B) 6 cm

(C) 12 cm (D) 8 cm Ans. (C)

58. यदि समानान्तर चतुर्भुज की सभी भुजाएँ एक वृत्त को स्पर्श करें तो वह समानान्तर चतुर्भुज होगा-

(A) आयत (B) वर्ग

(C) समचतुर्भुज (D) समलंब चतुर्भुज Ans. (C)

59. किसी त्रिभुज की तीनों भुजाओं को अन्तः स्पर्श करने वाले वृत्त को क्या कहा जाता है ?

(A) अन्त:वृत्त (B) बाह्य वृत्त

(C) वृत्त (D) कोई नहीं Ans. (A)

60. एक वृत्त का केंद्र $O$ है। किसी बाह्य बिन्दु $P$ से वृत्त पर दो स्पर्श रेखाएँ $PM$ और $PN$ खींची गई हैं जो वृत्त को $M$ और $N$ पर स्पर्श करती है। यदि $\angle PON = 50°$ तो $\angle MPN$ का मान होगा-

(A) 60° (B) 45°

(C) 80° (D) 90° Ans. (C)

61. किसी रेखा $l$ को स्पर्श रेखा होने के लिए $l$ तथा वृत्त में कितने उभयनिष्ठ बिन्दु होने चाहिए ?

(A) 1 (B) 2

(C) अनेक (D) कोई नहीं Ans. (A)

62. दो संकेंद्रीय वृत्तों का केंद्र $O$ है तथा त्रिज्याएँ 3 cm और 5 cm हैं। अन्तः वृत्त के बिन्दु $A$ पर खींची गई स्पर्श रेखा बाह्य वृत्त के $P$ तथा $Q$ बिन्दुओं पर मिलती है। जीवा $AB$ की लंबाई होगी-

(A) 8 cm (B) 7 cm


(C) 4 cm (D) कोई नहीं Ans. (A)

63. $r$ त्रिज्या वाले वृत्त पर एक बाहरी बिंदु $P$ से दो स्पर्श रेखाएँ $PT$ तथा $PS$ खींची गई है। यदि $O$ केंद्र हो तथा $\angle TOS = 110°$ तो $\angle TPS =$

(A) 40° (B) 60°

(C) 70° (D) कोई नहीं Ans. (C)


64. दिए गए चित्र में $O$ वृत्त का केंद्र है तथा $\angle BAC = 60°$ तो $\angle OBC =$




(A) 120° (B) 60°

(C) 40° (D) 30° Ans. (D)


65. PT तथा $PS$ दो स्पर्ष रेखा $O$ केंद्र वाले वृत्त पर इस प्रकार हैं कि $\angle TPS = 65°$, तो $\angle OTS =$




(A) 32° (B) 32.5°

(C) 45° (D) 57.5° Ans. (B)


66. नीचे दिए गए चित्र में $AP$ स्पर्श रेखा है। अगर $AP = OP = 2$ cm तो $AO$ की लंबाई होगी




(A) 2 cm (B) 4 cm

(C) $2\sqrt{2}$ cm (D) कोई नहीं Ans. (C)


67. दिए गए चित्र में $PT$ एक स्पर्श रेखा है और $OP = PT$; यह किस प्रकार का त्रिभुज है ?




(A) विषमबाहु त्रिभुज है (B) समकोण समद्विबाहु त्रिभुज है

(C) समकोण त्रिभुज है (D) समबाहु त्रिभुज है Ans. (B)


68. दिए गए चित्र में यदि ∠APO=40° तो ∠AOB = ?




(A) 100° (B) 60°

(C) 90° (D) 105° Ans. (A)


69. चित्र में PA और PB दो स्पर्श रेखाएँ हैं यदि ∠APO = 30° तो ∠AOB का मान है-




(A) 60° (B) 45°

(C) 120° (D)90° Ans. (C)


70. नीचे के चित्र में $\angle OPB$ की माप क्या है ?




(A) 60° (B) 40°

(C) 20° (D) 45° Ans. (B)


71. नीचे के चित्र में $\angle POQ$ की माप होगी




(A) 60° (B) 45°

(C) 90° (D) 30° Ans. (A)


72. PT दिए गए चित्र में $O$ केंद्र वाले वृत्त की स्पर्श रेखा है। यदि $OT = 6$cm और $OP = 10$ cm तब स्पर्श रेखा $PT$ की लंबाई होगी-




(A) 8 cm (B) 12 cm

(C) 10 cm (D) 16 cm Ans. (A)

73. दिए गए चित्र में $\Delta ABC$ की भुजाओं को अन्त:वृत्त की त्रिज्याएँ $P$, $Q$, $R$ पर स्पर्श करती हैं। यदि $AP = 4$ cm, $BP = 6$ cm, $AC = 12$ cm और $BC = x$ cm तो $x$ का मान है-




(A) 10 cm (B) 6 cm


(C) 14 cm (D) 18 cm Ans. (C)

74. 6 cm त्रिज्या वाले वृत्त के केंद्र से 8 सेमी० दूर स्थित एक बिन्दु से वृत्त पर खींची गई रेखाओं की लंबाई होगी-

(A) $\sqrt{7}$ cm (B) $3\sqrt{7}$ cm

(C) $2\sqrt{7}$ cm (D) 11 cm Ans. (C)


75. कोई वृत्त एक चतुर्भुज की सभी भुजाओं को स्पर्श करती है जहाँ $AB = 6$ cm, $BC = 7$ cm, $CD = 4$ cm तो $AD = ?$




(A) 2 cm (B) 5 cm

(C) 4cm (D) 3 cm Ans. (D)


76. दिए चित्र में, क्या $AB + BD = AC + CD$




(A) हाँ (B) नहीं

(C) नहीं मालूम (D) कोई नहीं Ans. (A)


77. आकृति में $TP$, $TQ$ केंद्र $O$ वाले किसी वृत्त पर दो स्पर्श रेखाएँ इस प्रकार हैं कि $\angle POQ = 110°$ तो $\angle PTO$ बराबर है:




(A) 60° (B) 70°

(C) 80° (D) 90° Ans. (B)


78. दिए चित्र में, $BA = 7$ cm, $PB = 3$ cm, $PD = 4$ cm तो $DC =$




(A) 3.5 cm (B) 1.25cm

(C) 5cm (D) कोई नहीं Ans. (A)


79. दिए चित्र में बताएँ की चतुर्भुज PAOB को क्या कहते हैं ?



(A) समानान्तर चतुर्भुज (B) चक्रीय चतुर्भुज

(C) आयताकार (D) कोई नहीं Ans. (B)

80. नीचे के चित्र में $O$ केंद्र वाले वृत्त की दो त्रिज्याएँ $OP$ तथा एक-दूसरे पर लंब हैं। $P$ तथा $Q$ पर खींची गई स्पर्श रेखाओं के बीच कितने अंश का कोण बनता है ?




(A) 90° (B) 45°

(C) 60° (D) 30° Ans. (A)

81. $TP$ तथा $TQ$ किसी बाह्य बिन्दु $T$ से एक वृत्त जिसका केन्द्र $O$ है पर खींची गई दो स्पर्श रेखाएँ इस प्रकार हैं कि $\angle POQ = 120°$ तो $\angle OTP$ का मान किसके बराबर है ?

(A) 40° (B) 30°

(C) 50° (D) इनमें से कोई नहीं Ans. (B)

82. दो समानान्तर रेखाओं के बीच की दूरी 14 सेमी० है। एक वृत्त दोनों रेखाओं को स्पर्श करता है, वृत्त की त्रिज्या निम्न में से कौन-सी है ?

(A) 6 cm (B) 7 cm

(C) 14 cm (D) इनमें से कोई नहीं Ans. (B)

83. वृत्त के अंदर दो जीवाएँ एक-दूसरे को काटे तो उनके खण्डों से बना धरातल होता है-

(A) भिन्न (B) बराबर

(C) एक दूसरे का दुगुना (D) इनमें से कोई नहीं Ans. (B)

84. चक्रीय चतुर्भुज के सभी कोणों का योग होता है

(A) 180° (B) 90°

(C) 360° (D) कोई नहीं Ans. (C)

85. वृत्त के केंद्र से होकर जाने वाली जीवा और वृत्त के अर्द्धव्यास में क्या संबंध है ?

(A) अर्द्धव्यास व्यास का आधा होगा
(B) अर्द्धव्यास दुगुना होगा
(C) अर्द्धव्यास बराबर होगा
(D) इनमें से कोई नहीं
Ans. (A)

86. यदि एक बिन्दु $P$ से $O$ केंद्र वाले किसी वृत्त पर $PA$ तथा $PB$ स्पर्श रेखा परस्पर $60°$ के कोण पर झुके हैं तो $\angle AOB = ?$

(A) 140°
(B) 90°
(C) 80°
(D) 120°
Ans. (D)

87. दो संकेंद्रीय वृत्तों में बड़े वृत्त की जीवा जो छोटे वृत्त को स्पर्श करती है, तो जीवाः

(A) स्पर्श बिंदु पर समत्रिभाग होती है
(B) स्पर्श बिंदु पर समद्विभाग नहीं होती है
(C) स्पर्श बिंदु पर समद्विभाग होती है
(D) सभी उत्तर सही हो सकते हैं
Ans. (C)


88. किसी वृत्त की दो जीवाएँ $AB$ तथा $CD$ केंद्र से 5 सेमी की दूरी पर है। $AB$ तथा $CD$ में संबंध निम्नलिखित में कौन-सा है ?

(A) $AB > CD$
(B) $AB = CD$
(C) $AB < CD$
(D) इनमें से कोई नहीं
Ans. (B)

89. किसी वृत्त में 10 सेमी लंबाई की एक जीवा केंद्र से 12 सेमी की दूरी पर है। वृत्त की त्रिज्या का मान निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(A) 10 सेमी०
(B) 12 सेमी०
(C) 13 सेमी०
(D) 22 सेमी०
Ans. (C)

90. दिए चित्र में, PT एक स्पर्श रेखा है तथा PA = 4 cm, AB = 5 cm तो PT = T




(A) 4 cm
(B) 6 cm
(C) 10 cm
(D) कोई नहीं
Ans. (B)

91. ABC एक समकोण त्रिभुज है जिसका $\angle B$ समकोण है तथा $BC = 6$cm और $AB = 8$ cm है। $\Delta ABC$ में $O$ केंद्र से एक अन्तः वृत्त खींचा गया है तो वृत्त की त्रिज्या है-

(A) 1 cm
(B) 2 cm
(C) 3 cm
(D) 4 cm
Ans. (B)

92. 3 सेमी त्रिज्या वाले वृत्त के केन्द्र से 5 सेमी दूरी पर स्थित किसी बिन्दु से वृत्त पर खींची गई स्पर्श रेखा की लंबाई होगी-

(A) 2 सेमी　　(B) 4 सेमी

(C) 5 सेमी　　(D) 2.5 सेमी　　Ans. (B)

93. क्या दो संकेन्द्रीय वृत्तों पर कोई उभयनिष्ट स्पर्श रेखा खींची जा सकती है ?

(A) हाँ　　(B) नहीं


(C) A और B दोनों　　(D) इनमें से कोई नहीं　　Ans. (B)

94. दो संकेन्द्रीय वृत्तों की त्रिज्याएँ 5 सेमी और 3 सेमी हैं। छोटे वृत्त पर खींची गई स्पर्श रेखा की लंबाई होगी-

(A) 8 सेमी　　(B) 5 सेमी

(C) 3 सेमी　　(D) 4 सेमी　　Ans. (A)


95. दी गई आकृति में, $TP$ तथा $TQ$ दो स्पर्श रेखाएँ $O$ केन्द्र वाले वृत्त पर इस प्रकार हैं कि $\angle PTQ = 50°$ तो $\angle POQ =$




(A) 130°　　(B) 25°

(C) 45°　　(D) 50°　　Ans. (A)

96. दी गई आकृति में, O वृत्त का केन्द्र है तथा $\angle AOC = 130°$ तो $\angle OAC =$




(A) 65°　　(B) 50°

(C) 130°　　(D) इनमें कोई नहीं　　Ans. (D)

97. किसी वृत्त के बाह्य बिन्दु $P$ से दो स्पर्श रेखाएँ $PA$ और $PB$ खींची गई हैं। यदि $PA = 6$ सेमी हो, तो $PB$ की लंबाई होगी

(A) 3 सेमी (B) 4 सेमी

(C) 6 सेमी (D) 12 सेमी Ans. (C)

98. किसी वृत्त के बाह्य बिन्दु $P$ से दो स्पर्श रेखाएँ $PA$ एवं $PB$ खींची गयी हैं। यदि $PA = 8$ cm तो $PB$ की लंबाई होगी-

(A) 4 cm (B) 16 cm

(C) 12 cm (D) 8 cm Ans. (D)

---

Copyright ©All Rights Reserved : High Target
By- C.K VERMA
YouTube : High Taregt
Website : www.cktarget.com
Play Store : High Target Mobile Application
Email Id : cktargetteam@gmail.com
Whatsapp No- 9523320309